खास-खबरें

अंडर 19 विश्व कप : आखिरी सुपर सिक्स मैच में आज भारत का सामना नेपाल से

ब्लोमफोंटेन। शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम शुक्रवार को यहां आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के ग्रुप वन के आखिरी सुपर सिक्स मैच में उतरेगी तो नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरने का लक्ष्य होगा। सुपर सिक्स से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। पाकिस्तान (प्लस 1.06) और भारत (प्लस 3 . 32) दोनों के छह अंक हैं लेकिन नेट रनरेट बेहतर होने से भारत शीर्ष पर है। उदय सहारन की कप्तानी वाली भारतीय टीम अभी तक हारी नहीं है और नेपाल जैसी कमजोर टीम से किसी उलटफेर की उम्मीद भी नहीं है। भारत ने ग्रुप वन में सारे मैच जीते हैं जबकि नेपाल ने एक भी मैच नहीं जीता। मुंबई के बल्लेबाज सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान ने 81 से ऊपर की औसत से दो शतक समेत 325 रन बनाये हैं। मुशीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 जनवरी को 126 गेंद में 131 रन बनाये जिसकी मदद से भारत ने 214 रन से जीत दर्ज की। बायें हाथ के स्पिनर स्वामी कुमार पांडे ने अभी तक 12 विकेट ले लिये हैं। इन दोनों के अलावा कप्तान सहारन, विकेटकीपर बल्लेबाज अरावल्ली अवनीश , आक्रामक हरफनमौला अर्शिन कुलकर्णी ने भी समय समय पर उम्दा प्रदर्शन किया है।

चेन्नई ओपन में भारतीय पुरुष एकल चुनौती की अगुआई करेंगे सुमित नागल

चेन्नई (एजेंसी)। सुमित नागल रविवार से शुरू होने वाले चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर 100 टूर्नामेंट के पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। नागल (26 वर्ष) ने पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन में कजाखस्तान के 31वें वरीय और विश्व रैंकिंग में 27वें स्थान पर काबिज एलेक्जैंडर बुलब्लिक को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया था। हाल में ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में वरीय खिलाड़ी को पराजित करने वाले पहले भारतीय बने सुमित नागल रविवार से शुरू होने वाले चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर 100 टूर्नामेंट के पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। नागल (26 वर्ष) ने पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन में कजाखस्तान के 31वें वरीय और विश्व रैंकिंग में 27वें स्थान पर काबिज एलेक्जैंडर बुलब्लिक को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया था। अभी उनकी विश्व रैंकिंग 121 है।

दूसरा टेस्ट आज से, इंग्लैंड पर पलटवार को तैयार भारतीय टीम

विशाखापटनम (एजेंसी)। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम हैदराबाद टेस्ट में इंग्लैंड के हाथों मिली शर्मनाक हार के बाद कल से शुरु होने वाले दूसरे टेस्ट में पलटवार करने को तैयार है। भारतीय बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के स्पिनरों से निपटने के लिए तैयारी कर ली है और इसको लेकर बीते दिनों में भारतीय बल्लेबाजों को परंपरागत शॉट्स के साथ स्वीप शॉट और रिवर्स स्वीप शॉट खेलने का जमकर अभ्यास किया। मेजबान टीम को पहले से ही विराट कोहली की कमी खल रही है और अब रवींद्र जड़ेजा और केएल राहुल के भी बाहर हो जाने से उनकी बल्लेबाजी लाइनअप में एक बड़ा अंतर आ गया है। हालाँकि, इससे रजत पाटीदार, सरफराज खान और वाशिंगटन सुंदर को यहां अपनी छाप छोड़ने का मौका मिलता है। ऐसे में खिलाड़ियों की चोटों से जुझ रहे भारतीय टीम को एक उदाहरण पेश करना होगा। खराब फॉर्म से जूझ रहे श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल पर भी दबाव है। दोनों बल्लेबाजों को धैर्यपूर्ण खेल का मुजाहिरा करना होगा। रोहित को अपनी पारी को मैच जिताने वाली पारी में तब्दील कर करना होगा। रोहित शर्मा चार हजार टेस्ट रन पूरे करने से 200 रन दूर हैं और प्रशंसकों को उम्मीद है कि वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपनी स्टाइल में ऐतिहासिक मुकाम हासिल करेंगे। दूसरे टेस्ट के लिए भारत की पूरी टीम के पास कुल मिलाकर 10,702 टेस्ट रन हैं, जबकि अकेले जो रूट के नाम 11,447 टेस्ट रन हैं। इसलिए उम्मीद है कि सभी आलोचकों की इस भारतीय बल्लेबाजी इकाई पर नजर रहेंगी। भारत ने पहले भी विशाखापत्तनम में दो टेस्ट खेले हैं और वहां उसका रिकॉर्ड शानदार रहा है, लेकिन पहला टेस्ट जीतकर इंग्लैंड की उत्साही टीम भारत के घरेलू प्रभुत्व को खत्म करने का प्रयास करेगी। भारतीय प्रशंसकों को उम्मीद है कि भारतीय टीम फिर से अपने पुराने प्रदर्शन को दोहराते हुए और सीरीज में बराबरी करेगी। दूसरे टेस्ट में भारत के पास जडेजा नहीं होंगे और 500 टेस्ट विकेट से चार विकेट दूर रविचंद्रन अश्विन को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इसके साथ ही अक्षर पटेल को भी विकेट लेने तथा रनों पर रोक लगाने के नये तरीके तलाशने होंगे।

इंग्लैंड की आक्रामकता से निपटने के लिए हमारे पास है योजना : भरत

भारतीय टीम के विकेटकीपर केएस भरत ने गुरुवार को कहा कि चोटों से प्रभावित भारतीय खेमे में कोई हड़बड़ाहट नहीं है और घरेलू टीम ने यहां दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड के आक्रामक रवैये से निपटने के लिए नयी योजना बनायी है जिसमें जरूरत पड़ने पर स्वीप शॉट लगाना भी शामिल है। भरत अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलेंगे। भारतीय टीम के विकेटकीपर केएस भरत ने गुरुवार को कहा कि चोटों से प्रभावित भारतीय खेमे में कोई हड़बड़ाहट नहीं है और घरेलू टीम ने यहां दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड के आक्रामक रवैये से निपटने के लिए नयी योजना बनायी है जिसमें जरूरत पड़ने पर स्वीप शॉट लगाना भी शामिल है। भरत अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलेंगे। उन्होंने कहा कि टीम ने श्रृंखला के शुरूआती मैच में रही अपनी खामियों पर काम किया है जिसमें इंग्लैंड ने शानदार वापसी करते हुए 28 रन से जीत दर्ज की थी। ओली पोप की अगुआई में इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने स्वीप और रिवर्स स्वीप शॉट खेलकर भारतीय स्पिनरों का आराम से सामना किया। शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले टेस्ट में उनके इसी जज्बे से खेलना जारी रखने की उम्मीद है।

भरत ने मैच पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वे काफी अच्छा खेले। श्रेय उनको दिया जाना चाहिए। ओली पोप ने वास्तव में काफी अच्छे शॉट खेले। भारतीय टीम अपने स्टार आल राउंडर रविंद्र जडेजा और शीर्ष बल्लेबाज केएल राहुल के बगैर खेलेगी जो चोटिल हो गये हैं। हमारी टीम बैठकों में हमने उन चीजों के बारे में बात की जिन्हें हम बेहतर तरीके से कर सकते थे और हां, हमारी निश्चित रूप से कुछ योजनायें हैं। हम निश्चित रूप से देख रहे हैं कि उन्होंने पहले मैच में कैसा खेल दिखाया, कुछ रिवर्स शॉट खेले। इस पर हमने निश्चित रूप से काम किया है। भारतीय बल्लेबाज ज्यादा स्वीप शॉट्स नहीं खेलते हैं लेकिन दूसरे टेस्ट से पहले दो ट्रेनिंग सत्र में इन शॉट का अभ्यास करते हुए दिखायी दिये। क्या इसका मतलब है कि घरेलू टीम ज्यादा 'स्क्वायर ऑफ द विकेट' खेलेगी उन्होंने कहा कि भारत में हम इस तरह के ट्रैक पर काफी क्रिकेट खेले हैं। ऐसा नहीं है कि हम स्वीप, रिवर्स स्वीप या पेडल शॉट खेलना नहीं जानते, लेकिन टीम की हालात को देखते हुए उस विशेष दिन हम बल्लेबाज फैसला करते हैं। हमारे लिए बहुत स्पष्ट है कि स्वतंत्रता से खेलें। हमने पहले मैच से पहले भी रिवर्स स्वीप शॉट का अभ्यास किया था। लेकिन क्रीज पर खेलते हुए यह बल्लेबाजी की व्यक्तिगत योजना होती है। हैदराबाद में दूसरी पारी में इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन फिर टॉम हार्टले की खूबसूरत गेंद पर आउट हो गये।

बशीर का डेब्यू, एंडरसन की वापसी, लीच-वुड हुए बाहर

शोएब बशीर

सॉमरसेट के 20 वर्षीय ऑफ स्पिनर शोएब बशीर अपने अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू के लिए तैयार हैं। उन्हें भारत के खिलाफ विशाखापटनम में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड के अंतिम एकादश में जगह दी गई है। वह चोटिल स्पिनर जैक लीच की जगह लेंगे। लीच को हैदराबाद टेस्ट के पहले दिन फील्डिंग के दौरान बाएं घुटने में चोट लगी थी। हालांकि उन्होंने छोटे-छोटे स्पेल में दोनों पारियों में गेंदबाजी की थी। इसके अलावा इंग्लैंड की टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन आएंगे, जिनका यह 184वां टेस्ट होगा। वह मार्क वुड की जगह लेंगे, जिनको हैदराबाद में एक भी विकेट नहीं मिला था। एंडरसन का 2024 में यह पहला टेस्ट मैच होगा और वह अपनी टीम की तेज गेंदबाजी की अकेले अगुवाई करेंगे। इंग्लैंड के पास इस मैच में बल्लेबाजी ऑलराउंडर जो रूट सहित कुल चार स्पिन विकल्प होंगे, जिसमें एक लेग स्पिनर, एक बाएं हाथ का स्पिनर और दो ऑफ स्पिनर शामिल हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को उम्मीद है कि बशीर के प्रदर्शन पर दौरे की शुरुआती कड़वी अनुभवों का असर नहीं होगा। गौरतलब है कि बशीर का वीजा बनने में देरी हुई थी, इसलिए वह पिछले सप्ताह हैदराबाद में होने वाले टेस्ट से पहले इंग्लैंड दल के साथ नहीं जुड़ पाए थे। वह चौथे दिन टीम से जुड़े, जब इंग्लैंड की टीम को 28 रनों की ऐतिहासिक जीत मिली। हालांकि बशीर ने लंबी यात्रा के बाद टीम से जुड़ना पसंद किया, ना कि वह होटल गए।

स्टोक्स, बशीर के इस व्यवहार से काफी प्रभावित नजर आए। स्टोक्स ने कहा कि मैंने तब टीम मैनेजर बेंटली वेनी से बोला था कि अगर बशीर चाहें तो होटल जाकर आराम कर सकते हैं, उन्हें यहां रूकने की जरूरत नहीं है। लेकिन वह मैदान पर टीम के साथ रूककर टेस्ट मैच का अनुभव लेना चाहते थे। अगर वह चाहते तो होटल में टीवी पर मैच देख सकते थे, लेकिन ड्रेसिंग रूम का अनुभव ही कुछ अलग होता है। यह अनुभव उनके बहुत काम आएगा।

मेरे करियर मे कोहली और रोहित का बड़ा रोलः पाटीदार

विशाखापटनम (एजेंसी)। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत के लिए डेब्यू करने की दहलीज पर खड़े मिडिल ऑर्डर बैटर रजत पाटीदार ने कहा है कि वह विराट कोहली को देखकर अपनी बैटिंग में सुधार करने की लगातार कोशिश करते हैं, जबकि रोहित शर्मा से वह फील्ड प्लेसमेंट के बारे में सीखते हैं। केएल राहुल और रविंद्र जडेजा को लगी चोट के कारण 30 साल के पाटीदार को मौका मिल सकता है, जिन्होंने घरेलू सर्किट में मध्यप्रदेश के लिए काफी रन बनाए हैं।

पाटीदार ने बीसीसीआई टीवी पर कहा है कि मैं नेट्स पर विराट कोहली बैटिंग देखता रहता हूं, खासकर उनका फुटर्वक और मूवमेंट। मैं उनसे सीखकर इन चीजों को अपनी बल्लेबाजी में लाने की कोशिश करता हूं। पाटीदार आईपीएल में कोहली के साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए खेलते हैं। कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट नहीं खेल रहे हैं। पाटीदार ने प्रदर्शन में लगातार निखार लाने की अपनी कोशिश के बारे में कहा कि, ये आसान नहीं है लेकिन मैं इस कोशिश में लगा हूं। इंदौर के इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि हेड कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने से उन्हें काफी फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि, मैंने घरेलू सर्किट पर काफी भारतीय खिलाड़ियों के साथ खेला है। पिछली दो सीरीज से मैं राहुल सर से बात कर रहा हूं। रोहित भाई से काफी बात नहीं हुई है, लेकिन इस दौरे पर बैटिंग के बारे में बात हुई उनके अनुभवों से मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। पाटीदार ने कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट में भी आक्रामक बैटिंग करना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा, मैं आक्रामक बल्लेबाज हूं और घरेलू क्रिकेट से ही इसी तरह खेलता रहा हूं। ये मेरी आदत है और मैं इसी तरह से तैयारी करता हूं। मैं गेंदबाजों और फील्ड प्लेसमेंट को परखता हूं जिससे काफी मदद मिलती है। विराट कोहली ने जब निजी कारणों से पहले दो टेस्ट मैचों से अपना नाम वापस लिया था, तब रजत पाटीदार को टेस्ट स्क्वॉड में शामिल किया गया था।

हरमनप्रीत की कप्तानी में एफआईएच प्रो लीग के लिए हॉकी टीम का ऐलान

नई दिल्ली (एजेंसी)। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को 16 फरवरी से भुवनेश्वर और राउरकेला में शुरु हो रही एचआईएच प्रो लीग के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम का ऐलान कर दिया है। वहीं हरमनप्रीत सिंह को भारतीय पुरुष हॉकी टीम की कमान सौंपी गई है। जबकि मिडफील्डर हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। भुवनेश्वर चरण 10 फरवरी से शुरू होकर 16 फरवरी तक चलेगा जबकि राउरकेला चरण 19 से 25 फरवरी तक होगा। भारतीय टीम आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और आस्ट्रेलिया से दो दो बार खेलेंगी। पहला मैच 10 फरवरी को स्पेन से होगा। भारतीय टीम में स्ट्राइकर बॉबी धामी और गोलकीपर पवन नहीं हैं जो दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम में शामिल थे। गोलकीपिंग का जिम्मा पीआर श्रीजेश और कृशन बहादुर पाठक संभालेंगे। डिफेंस में हरमनप्रीत, अमित रोहिदास , जरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार, सुमित , संजय, जुगराज सिंह और विष्णुकांत सिंह होंगे। मिडफील्ड में हार्दिक, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा और रबिचंद्र सिंह मोइरेंगथेम होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में अनुभवी ललित उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह और अराइजीत सिंह हुंडर होंगे। वहीं मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि हमने सोच समझकर काफी संतुलित टीम चुनी है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रवीण गर्ग पत्नि श्री देशबंधु गर्ग पता- म.नं. - 44, क्रिस्टल आईडियल सिटी, अवधपुरी खजूरीकलां भोपाल म.प्र. पूर्व में मुझे प्रवीण गुप्ता पत्नि श्री देशबंधु गुप्ता के नाम से जाना पहचाना जाता था तथा मै वर्तमान में, मैं प्रवीण गर्ग पत्नि श्री देशबंधु गर्ग के नाम से जानी पहचानी जाती हूं। मेरे बच्चों के प्रमाण पत्रों में नाम प्रवीण गर्ग लिखा है, तथ मुझे सभी लोग प्रवीण गर्ग के नाम से जानते पहचानते है। मेरा परिवर्तित नाम प्रवीण गर्ग पत्नि देशबंधु गर्ग पढा लिखा एवं मान्य किया जावे।

पूर्व नाम- प्रवीण गुप्ता पत्नि श्री देशबंधु गुप्ता, पता-म.नं.- 44, किस्टल आईडियल सिटी, अवधपुरी खजूरीकलां भोपाल म.प्र.

नवीन नाम- प्रवीण गर्ग पत्नि श्री देशबंधु गर्ग, पता- म. नं.- 44, क्रिस्टल आईडियल सिटी, अवधपुरी खजूरीकलां भोपाल म.प्र. 4301

मुझे लगा था कि मेरा समय पूरा हो चुका है : पंत

नई दिल्ली (एजेंसी)। 30 दिसंबर 2022 को हुई कार दुर्घटना के समय ऋषभ पंत के दिमाग में पहला ख्याल यही आया था कि इस दुनिया में उनका समय पूरा हो चुका है। पंत का मानना है कि वह बहुत भाग्यशाली हैं कि उन्हें दूसरी जिंदगी मिली है। वह कहते हैं कि इस घटना से उन्हें यही सबक मिला है कि खुद पर विश्वास सबसे ज्यादा जरूरी है। उस दुर्घटना के बाद पंत पहली बार खुलकर बोले हैं। स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत के दौरान पंत ने बताया, पहली बार मुझे जिंदगी में लगा कि मेरा समय खत्म हो चुका है। दुर्घटना के समय मुझे पता था कि मुझे कहां-कहां चोट लगी है। यह और भी गंभीर हो सकता था, लेकिन मैं भाग्यशाली रहा। दुर्घटना से ठीक 6 महीने बाद अगस्त 2023 में हुई इस साक्षात्कार के दौरान पंत ने कहा कि मैं फिलहाल अपनी रिकवरी पर फोकस कर रहा हूं, इसलिए दुनिया से भी कटा हुआ हूं। इससे मुझे तेजी से उबरने में मदद मिलेगी। रिकवरी के लिए आपको एक ही चीज हर दिन करना होता है। यह उबाऊ, निराश, उदास और चिड़चिड़ा करने वाला भी हो सकता है। पंत आगे बताते हैं कि जब से मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था, मैं कभी भविष्य के बारे में नहीं सोचता था। लेकिन इस चोट के बाद मैंने भविष्य के बारे में सोचना शुरू किया। मैंने डॉक्टर से पूछा कि इससे उबरने में मुझे कितना समय लगेगा। मैंने उनसे कहा कि अलग-अलग लोग दस बातें बोल रहे हैं और आप ही मुझे स्पष्टता दे सकते हैं। उन्होंने बताया था कि इसमें 16 से 18 महीने लग सकते हैं। मैंने फिर डॉक्टर से कहा कि आप जितना समय दोगे, मैं उसमें से छह महीने घटा लूंगा।

लंबी चोट के बाद पृथ्वी शॉ की रणजी टीम में वापसी

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय बल्लेबाज पृथ्वी शॉ छह महीने की चोट के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं, उन्हें कोलकाता के ईडन गार्डन्स में बंगाल के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले 2023-24 रणजी ट्रॉफी के पांचवें दौर के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। शॉ घुटने की चोट से वापसी कर रहे हैं जो उन्हें अगस्त में नॉथैंप्टनशर के साथ काउंटी कार्यकाल के दौरान लगी थी।

शमार वेस्टइंडीज की टी-20 टीम में हो सकते है शामिलः सैमी

एडिलेड (एजेंसी)। गाबा टेस्ट के हीरो शमार जोसेफ को वेस्टइंडीज की टी-20 विश्वकप टीम में शामिल किया जा सकता है। वेस्टइडीज के सीमित ओवर क्रिकेट के कोच डैरेन सैमी ने जोसेफ को टी-20 विश्वकप टीम में शामिल किये जाने संकेत देते हुए कहा, वह निश्चित रूप से एक सभी प्रारूप के खिलाड़ी होंगे। मैं उन्हें अपने टीम में शामिल करने को लेकर इंतजार नहीं कर सकता। लेकिन सबकी एक प्रक्रिया है और मैं और चयनकर्ता उसी प्रक्रिया के अनुसार काम करते हैं। मैं टी-20 विश्वकप के लिए एक मुख्य टीम तैयार कर रहा हूं और शमार हमारी उन योजनाओं का हिस्सा हैं।

कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्र./प्रकाश/न.नि./2024/707 **सागर दिनांक 01.02.2024**

ऑनलाईन निविदा सूचना

नगर पालिक निगम सागर द्वारा स्ट्रीट लाईट रिपेयरिंग सामग्री क्रय हेतु सप्लायरों/कंपनियों/अधिकृत डीलरों से ऑन लाईन प्रति मीटर दर पर सामग्री क्रय हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	ऑनलाईन निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2024_UAD_329446_1 03.02.2024	स्ट्रीट लाईट नये विद्युत केबिल क्रय करने हेतु आनलाईन दरों का आमंत्रण वित्तीय वर्ष 2024-25 तक के लिए (संलग्न सूची अनुसार)	1 माह 2054238.00	5000.00 15407	26.02.2024 शाम 5.30 तक

नोट: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन आनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

आयुक्त, नगरपालिक निगम सागर

कार्यालय उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय खण्डवा (म.प्र.)

क्रमांक KDWLP 12012408195/ दिनांक 01/FEB/2024

क्र./1309 दिनांक 01/FEB/2024

म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14 (3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपातंरण की दशा में आपत्तियाँ आमंत्रित करने हेतु

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती/मेसर्स (AKHILESH KUMAR GUPTA) 2. SHRI ARUN GUPTA 3. SHRI AJAY DAKHNE, 4. SHRI JITENDRA BAROLE द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है-

(क) परियोजना का नाम - OMKARA RESIDENCY COLONY

(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक)-पूर्व स्वीकृत ग्राम Khandwa Taraf Mali तहसील Khandwa Nagar व जिला Khandwa की भूमि सर्वे क्रमांक/खसरा क्रमांक 8/10/1, 8/10/2, 8/4, 8/5, 8/7 कुल रकबा 2.025 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOT-PLOTTED HOUSING विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

(ग) विकास का प्रयोजन : RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOT PLOTTED HOUSING

(घ) स्वीकृति क्रमांक 1337 दिनांक 2022-09-15

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति,उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अथवा https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/Objection.asp&?RefApp=46pPBN8it पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबतद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

उप संचालक नगर तथा ग्राम निवेश जिला खण्डवा (म.प्र.)

कार्यालय उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय खण्डवा (म.प्र.)

क्रमांक KDWLP 12012451192/ दिनांक 01/FEB/2024

क्र./1310 दिनांक 01/FEB/2024

म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14 (3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपातंरण की दशा में आपत्तियाँ आमंत्रित करने हेतु

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती/मेसर्स (RAJU SOLANKI)-SMT.YASHWANT KUMARI SOLANKI द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है-

(क) परियोजना का नाम - YASHWANT RESIDENCY COLONY

(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक)-पूर्व स्वीकृत ग्राम Malipura तहसील Khandwa Nagar व जिला Khandwa की भूमि सर्वे क्रमांक/खसरा क्रमांक 205/1 205/2, कुल रकबा 2 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOT-PLOTTED HOUSING विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

(ग) विकास का प्रयोजन : RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOT-PLOTTED HOUSING

(घ) स्वीकृति क्रमांक 1325 दिनांक 2022-09-15

पूर्व स्वीकृतिअभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति,उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अथवा https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/Objection.aspx?RefApp=yY9K57qQcC पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबतद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

उप संचालक नगर तथा ग्राम निवेश जिला खण्डवा (म.प्र.)

न्यायालय नजूल अधिकारी, इटारसी

इश्तहार

रा.प्र.क्र. 0072 3-20 (3 वर्ष) 2023-24

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्रीमति कृष्णा वसानी पत्नि स्व. कन्हैयालाल वसानी एवं अन्य सभी निवासी वार्ड नं. 27 सिंधी कालोनी इटारसी ने इस आशय का आवेदन पत्र अंतगत धारा 109, 110 म.प्र. भू.रा. संहिता प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि नजूल शीट नं. 4 प्लाट नं. 163 रकवा 750 वर्गफुट जो नजूल अभिलेख मे कन्हैयालाल आ. दुल्हनोमल के नाम दर्ज चला आ रहा है। आवेदकगण क्रमांक 1. के पति एवं 2. लगायत 04 के पिता कन्हैयालाल आष्ठ दुल्हानोंमल का स्वर्गवास दिनांक 04.02.2023 को हो गया है एवं आवेदकगण उनके विधिक वारसान है इनके अतिरिक्त स्व. कन्हैयालाल के अन्य कोई वारसान नही है अतः आवेदकगणों द्वारा स्व. कन्हैयालाल आ. दुल्हानोंमल का स्वर्गवास दिनांक 04.02.2023 को हो जाने से उनके स्थान पर अपना नाम विधिक वारसान की हैसियत से नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 05.02.2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा। नोट-नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

नजूल अधिकारी, इटारसी